Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 17-04-2022 | अंक 199

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही पश्चिमी जीप सदस्य प्रत्याशी कुंती देवी ने किया पोड़ैया एवं गिलान टोला का दौरा, मांगा समर्थन

### 22 अप्रैल को करेंगी नामांकन, शामिल होने की अपील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पोड़ैया में जनसंपर्क करतीं कुंती देवी

बरही पश्चिमी जिला परिषद प्रत्याशी कुंती देवी ने रविवार को पोड़ैया एवं गिलान टोला कोनरा में जन सम्पर्क चलाया। पोड़ैया में महिला मंडल के दीदियों से उनकी समस्या जानी। महिलाओ ने बताया कि उनका गांव तिलैया डैम से विस्थापित गांव है। बराकर नदी के किनारे बसे रहने के बावजूद खेतो तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था नही हो पाई। प्रकृति की वादियों में बसा रहने के बाद भी इस गांव को पर्यटन के रूप में विकसित नही किया गया। जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांगे जायज है। बेन्दगी पंचायत का इस गांव का जितना विकास होनी चाहिए थी, उतना नही हुआ। एक बार आशीर्वाद दें, लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था कर खेतो यक पानी पहुंचाई जाएगी। पर्यटन का काफी स्कोप है। इस पर पहले से ही ध्यान दिया जाना चाहिए था। लेकिन नही हुआ। इस पर भी पहल की जाएगी। कोनरा गिलान टोला में ग्रामीणों ने बताया कि उनकी भूदान से दी गई जमीन को दबंग किस्म के लोग हड़पने के फिराक में है। प्रशासन इस मामले कोई ध्यान नही दे रही है। इस पर भी समाधान का आश्वाशन दिया। साथ ही बताया कि 22 अप्रैल को न०मिनेशन है। इस कार्यक्रम में सभी को शामिल होने की अपील की। मौके पर समाज सेवी तपेश्वर प्रसाद, अनिता देवी, महेश्वर प्रसाद, सुमित्रा देवी, कमली देवी सहित कई लोग मौजूद थे।










APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार




## सड़क दुर्घटना में दो घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के कुटमा निवासी राजकुमार हांसदा उम्र 20 वर्ष पिता जगदीश हांसदा एवं सुनील बसका पिता तालो बस्का सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो युवक बाइक एक ही बाइक पर सवार होकर बरही आ रहे थे। इसी क्रम में रिलायंस पेट्रोल पंप धोबियाडीह के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। दोनो घायल युवकों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## ब्रेकर के कारण बाइक से गिरकर हुई छात्रा की मौत के मामले में ब्रेकर हटाने की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पदमा प्रखण्ड के करार निवासी चन्द्र राणा की पुत्री रिशु कुमारी की मौत ब्रेकर के कारण बाइक से गिरकर होने के मामले में ब्रेकर हटाने की मांग ग्रामीणों ने की है। इस बाबत कई लोगों ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री को भी ट्वीट किया है। समाज सेवी कुमार यदुवंशी एवं शिशुपाल राणा ने बताया कि देवचन्दा से गौरिया कर्मा तक 30 से अधिक बड़े बड़े ब्रेकर ( ठोकर) बना दिया गया है। इसके वजह से कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। कई लोग घायल भी हुए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को करर गांव निवासी चंदर राणा की पुत्री रिशु कुमारी बाइक से परीक्षा देने बरही आ रही थी। ब्रेकर के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और छात्रा नीचे सड़क पर गिर गई जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल उसे पहले बरही फिर हज़ारीबाग़ में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने सभी ब्रेकर को हटाने की मांग की है।

## अपेम ट्रस्ट की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भूमिका



**डॉ अनिल कुमार**

अपेम ट्रस्ट बरही में एक सामाजिक, और सांस्कृतिक मंच है और पिछले दो वर्षो से अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति और मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी के नेतृत्व में बरही और आस पास के इलाको में सामाजिक , सांस्कृतिक, शैक्षणिक उत. थान और भ्रष्टाचार उन्मूलन और जन सरोकार के सारे मुद्दे मजबूती के साथ उठाये गए है। अपेम ट्रस्ट की यह सोच है कि इस त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में जो साफ सुथरी छवि के प्रत्याशी हैं और अपेम के सिद्धांतों को मानने का संकल्प लेंगे उन्हें विजय दिलाने के लिए अपेम भरपूर कोशिश करेगा क्योंकि अच्छी सोच वाले प्रत्याशी अगर चुनाव जीत कर आते हैं तो सामाजिक सरोकार का दायरा का और भी विस्तार होगा। सत्ता और, शक्ति प्राप्त होने पर जन कल्याण और जनहित के सारे कार्य अपेम और भी बेहतर ढंग से करवा पायेगा। अपेम का एक वयापक सोच यह भी है कि सत्ता की मलाई खाने वालों को सत्ता से दूर रखना है, और जनता के विकास के लिए संवे. दनशील और कृतसंकल्प है उन्हें ही सत्ता तक पहुँचाना है। अपेम ऐसे उम्मीदवारों का नाम और उनका जनता के प्रति अपने संकल्प पत्र जारी करेगी और फैसला आप पर छोड़ देगी, लेकिन अपेम अपने समर्थित उम्मीदवारों की जिम्मेदारी लेगी और अगर वे जन भावनाओं और वायदों से हटेंगे तो उनसे त्यागपत्र भी लेगी, ऐसा मैं बतौर अपेम के मुख्य सलाहकार आप सभी को आश्वाशन देता हूं।

## कोनरा मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून ने जनसम्पर्क कर जाना ग्रामीणों की समस्या

### 20 को करेंगी नामांकन, डोर टू डोर जाकर दिया निमंत्रण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जनसम्पर्क करती सैरा खतून

कोनरा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून लगातार जन सम्पर्क कर जनता की समस्याओं से अवगत हो रही है। रविवार को कोनरा पंचायत के तार बंगला, गिलान टोला एवं कोनरा तुरी टोला में जन. संपर्क चलाते हुए उनकी समस्यायों से अवगत हुई। कोनरा तुरी टोला के लोगों ने बताया कि उनके 50 घरो वाले टोला में पेयजल की काफी दिक्कत है। एक सोलर संचालित पेयजलापूर्ति सिस्टम लगा भी था। वह भी पिछले एक सालो से खराब पड़ा है। दर्जनों लोगों ने उन्हें अपने टूटी झोपड़ी दिखाई। कहा कि मुखिया से कई बार आरजू विनती की, लेकिन इस पर ध्यान नही दिया गया। एक बुजुर्ग दंपति ने अपनी समस्या बताते हुए बताया कि उनका कोई संतान है। टूटी झोपड़ी में रहते हैं। कोई कमाने वाला नही है। हम दोनों को वृद्धावस्था पेंशन भी नही मिलता है। कई महिलाओं ने रोजगार को लेकर चिंता जाहिर की। मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून ने आश्वस्त करते हुए हुए कहा कि मुखिया को जनता की समस्या देखनी चाहिए थी। लेकिन नही देखा गया। जन सहयोग एवं श्रमदान कर पेयजलापूर्ति को ठीक कराया जाएगा। आप लोग अपना आशीर्वाद दें। आपकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा। 20 अप्रैल को न०मिनेशन की सूचना देते हुए न०मिनेशन कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण भी दिया। मौके पर उपस्थित लोगों ने सहयोग का आश्वासन दिया। जनसंपर्क के दौरान नबाब अली, शरीफुल हक, राज आर्यन उर्फ छोटी, अजय तुरी, महेंद्र रविदास, मंटू सिंह, बिनोद तुरी, दिनेश तुरी, सरयू तुरी, मालवा देवी, शांति देवी सहित कई लोग मौजूद थे।



दिनांक: 17-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर






# मन में हो सच्ची लगन, तो सफलता चूमेगी कदम

## चंदवारा के शंकर को किवा इंडस्ट्री ने दिया उड़ान

अपेम लाइव : चंदवारा

धीरज कुमार



शंकर कुमार



किवा इंडस्ट्री से प्राप्त कार के साथ शंकर व उनके पतिजन

कहते हैं संघर्ष का कोई विकल्प नहीं होता। अगर सही दिशा में मेहनत किया जाय तो सफलता एक न एक दिन कदम जरूर चूमती है। इस कहावत को चरितार्थ किया है चन्दवार पूर्वी पंचायत निवासी शंकर कुमार ने। गरीब और किसान परिवार में जन्मे शंकर बचपन से प्रतिभाशाली थे। पिता कृष्णा रविदास पेशे से राजमिस्त्री और माता मंजू देवी गृहणी है। लेकिन बच्चों के लालन-पालन करने में कमी नहीं किया। शंकर के सपनो के उड़ान को भरने में उनकी गरीबी आड़े आ पाई। चार भाई एक बहन का पालन पोषण उनके पिता बहुत ही संघर्ष पूर्वक किया। शंकर को बीए व एलएलबी करवाया। बाद में स्वयं रोजगार डायरेक्ट सेलिंग को करने के लिए सीखना शुरू कर दिए। वे बचपन से चाहत था कि मेहनत करके कुछ बड़ा करना है। इसी बीच फरवरी 2020 में किवा इंडस्ट्री ने उनके जीवन में दस्तक दिया। जिसे ज्वाइन कर वे लगातार मेहनत करने लगे। इस बीच बहुत सारे कठिनाइयों व परेशानियों से सामना किया। लेकिन वे मुसीबतों से घबराया नहीं और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे लगातार मेहनत करता गया। आज किवा इंडस्ट्री ने उनके सारे छोटे - बड़े सपने पूरे कर रहे हैं। अच्छी पढ़ाई, अच्छा सोच ,मोबाइल, लैपट०प और कार जैसे सारे सपने पूरे हो गए। वे बताते हैं कि किवा इंडस्ट्री आने वाले कल में उनके हर एक सपने को पूरा करेंगे। उन्होंने अपील किया है कि जो भी ऐसे साथी हैं जो जीवन में कुछ करना चाहते हैं उसको वो हर संभव मदद करेगा। आगे उन्होंने बताया कि इस इंडस्ट्री के द्वारा हमारे यहां हर एक बीमारियों का इलाज आयुर्वेद पद्धति से होता है और उन्होंने पढे-लिखे युवाओं से इस किवा इंडस्ट्री मे जुडने के लिए प्रेरित किया।

# सूचना

आप सभी को सूचित किया जाता है की कल दिनांक यानी 18-4-22 को सोमवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जिला एवं बरही मुख्यालय के चिकित्सा पदाधिक. ारियों के द्वारा किया जाएगा। कल के स्वास्थ्य चुनाव में किए जाने वाले जांच निम्नलिखित है। सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ, बाल स्वास्थ, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद जांच, त्वचा रोग जांच, कुष्ठ निवारण, टीबी नियंत्रण, आर टी आई / एस टी आई/ एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, मलेरिया, अंधापन की रोकथाम एवं कैंसर नियंत्रण जागरूकता का जांच एवं परामर्श दिया जायेगा।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सुदन पंचायत से रेखा देवी होगी मुखिया प्रत्याशी

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुदन निवासी रेखा देवी पति महेंद्र राम होंगी सुदन पंचायत से मुखिया प्रत्याशी रेखा देवी ने कहा कि में सुदन पंचायत के जनता के हर सुख-दुख में साथ रही हूं और रहूंगी। पंचायत में जनता मुझे एक बार मौका दिया तो ज़रुरत मंद लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना,विधवा पेंशन, एवं जमीन से संबंधित किसी भी कार्यो के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाने दूंगी एवं पंचायत के सभी समुदाय के लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का काम करूंगी। जिससे पंचायत का विकास हो सके। एवं महिलाओं को मान सम्मान दिलाने का काम करूंगी।

## रामेश्वर पंडित होंगे सुदन पंचायत से पंचायत समिति उम्मीदवार

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुदन से रामेश्वर पंडित उर्फ रामू पंडित पिता महादेव पंडित सुदन निवासी होंगे पंचायत समिति उम्मीदवार रामेश्वर पंडित उर्फ रामू पंडित सुदन पंचायत एवं चलकुशा प्रखंड के लोगों के साथ एक अच्छी पहचान एवं अच्छी छवि से जाने जाते हैं। रामेश्वर पंडित ने कहां की मुझे सुदन पंचायत के जनता यदि एक मौका दिया तो सुदन पंचायत के साथ -साथ चलकुशा प्रखंड के लोगों के साथ समन्वय बनाकर चलने का काम करूंगा। एवं जनता के हित के लिए हर कार्यो के लिए प्रखंड मुख्यालय में आवाज उठाने का काम करूंगा।

## सुदन पंचायत से 22 अप्रैल को सबिता देवी मुखिया पद के लिए करेंगी नामांकन

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**





चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुदन पंचायत से सबिता देवी पति वासुदेव यादव 22 अप्रैल को मुखिया पद के लिए नामांकन करेंगी। इस बाबत सविता देवी के पति वासुदेव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत में आज भी पंचायत में गरीबों का सुनने वाला कोई नहीं है आज भी गरीबों को प्रधानमंत्री आवास एवं उचित लोगों को विधवा पेंशन , वृद्धा पेंशन नहीं वन पाया है । उचित जगह पर विकास नहीं हो सका है विकास से सम्बंधित कार्य को लेकर वह पंचायत चुनाव में अपनी पत्नी को उतारे है। उन्होंने पंचायत की जनता से समर्थन देने का अपील किया है।




## डोमचांच में खड़ी ट्रक मे लगी आग समय पर नहीं पहुंचा दमकल

**अपेम लाइवः डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच-गिरिडीह रोड स्थित शंभू मिस्त्री के गैरेज के समीप खड़ा एक ट्रक मे शनिवार को अचानक आग लग गई। ट्रक में अचानक लगे आग ने आस पास के लोगों को हैरान कर दिया। लोग कुछ समझ पाते कि आग पूरी गाड़ी को अपने चपेट में ले लिया। इस बीच मौजूद लोग आग बुझाने के लिये पानी की व्यवस्था करने लगे और दमकल को सूचना दिया। लेकिन हमेशा की भांति इस बार भी दमकल की गाड़ी समय पर घटना स्थल पर नहीं पहुंची। जिससे ग्रामीणों में रोष देखा गया। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इधर घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार डोमच. ंच थाना क्षेत्र के चौनपुर महेशपुर निवासी अमरीका यादव का ट्रक संख्या जेएच 12डी9367 डोमचांच के शंभू मिस्त्री के गैरेज के समीप खड़ा था। तभी अचानक डीजल टंकी फट गया और आग लग गया। लोग कुछ समझ पाते कि देखते ही देखते आग पूरे ट्रक को अपनी लपटों में ले लिया। जिसे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत करते हुए ट्रक पर पानी छिड़काव कर आग पर काबू पाया। इधर दमकल और पुलिस घटना स्थल पर देर से पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त करते देखा गया। लोगों का कहना था कि जब प्रशासन और दमकल समय पर पहुंचते ही नहीं है तो इनका होना न होना बराबर है। हालांकि बाद में डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## डोमचांच में अर्जुन साव के हत्या मामले में बुद्धिजीवियों की आवश्यक बैठक समन्न

### दस लाख मुआवजा और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की गई मांग

**अपेम लाइवः डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच में बुद्धिजीवियों की बैठक

डोमचांच नगर पंचायत अंतर्गत इंटर क०लेज डोमचांच में शुक्रवार को तमाम बुद्धिजीवियों की एक आवश्यक बैठक डोमचांच पुलिस के द्वारा की गई। जिसमें सपही निवासी अर्जुन साव की हत्या एवं रामनवमी के दिन डोमचांच पुलिस के द्वारा कुछ लोगों पर एफआईआर हो जाने के विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान कहा गया कि अर्जुन साव हत्याकांड में शामिल शशिकांत कुमार के गश्ती दल में शामिल रिजर्व गार्ड हवलदार रंजीत कुमार सिंह, प्रह्लाद कुमार सिंह और रवि उरांव के साथ चार जो पु. लिसकर्मी साथ मे थे सबों को इस हत्याकांड में शामिल कर नामित पु. लिसकर्मियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान कहा गया कि डोमचांच थाना कांड संख्या 37 / 22 पूर्णता झूठा है। बिना शर्त उसे उठाया जाय। ग्रामीणों ने मांग किया कि अर्जुन साव के पीड़ित परिवार को 10 लाख मुआवजा राशि और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी एवं उनके बच्चों को निशुल्क शिक्षा की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।मौके पर देवेंद्र कुमार मेहता, अजय कृष्ण मोदी, विजय गुप्ता, रितेश मेहता, अर्जुन प्रसाद मेहता, संतोष साव, रितेश कुमार वर्णवाल, संतोष कुमार, पुनीत यादव, सुजीत कुमार, निर्भय मेहता, मुकेश साव, रंजन साव सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## जबरन उम्मीदवार नही थोपे विधायक, मेरे नाम पर बनी थी सहमति : महेंद्र साव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पंचायत चुनाव के पहले चरण का नामांकन अभियान अभी शुरू ही हुवा है कि आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। इसी कड़ी में चौपारण भाग दो से जिला परिषद के उम्मीदवार महेंद्र साव ने अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव पर अपने बेटे रवि शंकर अकेला यादव को जबरन उम्मीदवार घोषणा करने का आरोप लगाया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए महेंद्र साव ने कहा कि बीते दिन बरही विधायक के उपस्थिति में उनके आवास पर जिला परिषद भाग दो से पार्टी के उम्मीदवार के नाम के लिए रायशुमारी हेतु बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में रवि अकेला का नाम आते ही सबने विरोध करना शुरू कर दिया। बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मेरे नाम की सहमति जताया। बैठक में ये भी कहा गया कि प्रमुख पद के लिए भी अपने घर से किसी को नामित कर दे। देर शाम एक पोर्टल न्यूज में छपता है कि सर्वसम्मति से विधायक पुत्र रवि अकेला को जिला परिषद उम्मीदवार बनाने का घोषणा किया गया। कहा मैं इस खबर का घोर निंदा करता हूँ। महेंद्र साव ने कहा कि बरही विधायक ने जबरन अपने बेटे का नाम हम पार्टी कर्तकर्ताओ पर थोप दिया। जिसका हम सब घोर निंदा करते है। कहा सब कोई स्वत्रंत है चुनाव लड़ने के लिए और हम भी चुनाव मैदान में है और मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी। कहा हमारे सहयोगियों ने हमे चुनाव में सहयोग का भरोशा दिया है। कहा आगामी 22 अप्रैल को हम अपने सहयोगियों के साथ नामांकन करेंगे।

## चार उपमुखिया ने संभाला है मुखिया का पदभार

## उप मुखिया बनने के लिए वार्ड सदस्य पर होगी नजर

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**






पंचायत चुनाव के पहले चरण का नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुका है। झारखंड में ग्राम पंचायत में मुखिया के बाद उप मुखिया बेहद ही महत्वपूर्ण पद है। मुखिया के अनुपस्थिति में उसकी जिम्मेदारी उप मुखिया की ही होती है। यदि किसी कारणवश किसी मुखिया की मृत्यु, वितीय अनियमितता पर वितीय शक्ति जप्त होने या इस्तीफे से पद खाली हो जाती है तो मुखिया की पूरी जिम्मेदारी उप मुखिया की हो जाती है। मुखिया का पद निर्वाचित है जबकि उपमुखिया पंचायतो में चुने गए वार्ड सदस्यों द्वारा चुना जाता है। चौपारण प्रखण्ड में इस बार ताजपुर, ब्रहमोरिया, सिंघरावां व भगहर के उपमुखिया ने मुखिया पद का पदभार संभाला है। बात करें ता. जपुर पंचायत का तो वितीय अनियमितता में वर्तमान मुखिया शौकत का वितीय शक्ति जप्त कर उप मुखिया सरोज देवी को पदभार सौपा दिया गया हालांकि कुछ ही महीनों में शौकत खान को कोर्ट के आदेशनुसार वितीय शक्ति वापस मिल गया। वही ब्रहमोरिया पंचायत के मुखिया सन्तोष भुइयाँ पर वितीय अनियमितता का आरोप लगाकर वितीय शक्ति जप्त कर उपमुखिया रंजू देवी को वितीय शक्ति सौप दिया गया जो अभी तक बरकरार है। सिंघरावां पंचायत के मुखिया अंजू देवी पर भी पिछले वर्ष वितीय अनियमितता का आरोप लगा और वितीय शक्ति से हाथ धोना पड़ा और उपमुखिया प्रतिमा देवी को पदभार सौप दिया गया जो अभी भी बरकरार है। भगहर पंचायत के मुखिया लुपुंग मुंडा के हत्या के बाद उप मुखिया पहलवान उर्फ भुनेश्वर यादव को मुखिया का पदभार सौप दिया गया लेकिन कुछ ही महीनो चुनाव हुवा और मृतक की पत्नी नैईपी देवी चुनाव जीत कर आई। उपमुखिया से मुखिया बनने के उम्मीद इस बार थोड़ा ज्यादा जागेगा और उपमुखिया बनने का सपना संजोए कई लोगों की नजर वार्ड सदस्य के चुनाव पर टिका होगा। अब आने वाला समय ही बताएगा किसका दाव पेंच सफल होगा कौन असफल होगा।

## बिरनी के नगलो में दुकान लगी आग

**अपेम लाइव :**
**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**



बिरनी थाना क्षेत्र के नगलो गांव में शनिवार दोपहर में रामदेव यादव की किराना दुकान में अचानक आग लग गई। अगलगी की घटना में लगभग एक लाख रुपए की सामाग्री जल कर राख हो गई। आग कैसे लगी यह एक पहली बनकर रह गया। रामदेव यादव ने बताया कि आए दिन की तरह शनिवार दोपहर में अपनी दुकान बंद कर के खाना खाने घर चला गया। अचानक बंद दुकान से धुंआ उठने लगा। ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद वह दुकान पहुंचा तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गयी थी। अगलगी की घटना में दुकान में रखी लगभग एक लाख रुपए की सामग्री जल कर राख हो गई। घटना की सूचना सीओ को दूरभाष पर दे दी गई है। विभाग मामले की जांच में जुटा है।

## पंचायत चुनाव 2022प्रथम चरण

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है ज़िला प्रशासन द्वारा। चुनाव की सुचना भी प्रकाशित हो चुकी है जो इस प्रकार है :-ज़िला निर्वाचन पदाधिकरी (पंचायत) द्वारा प्रपत्र 5में निर्वाचन की सुचना प्रक. ाशन तिथि 16/04/2022 -नाम निर्देशन (नॉमिनेशन) करने के लिए अन्तिम तारीख 23/04/2022 (समाय पूर्वाहन 11: 00बजे से अपराहन 3: 00बजे तक) -नाम निर्देशन पत्रों की संविक्षा के लिए तारीख 25/04/2022एवं26/04/2022 (समय पूर्वा 11बजे से अपराह्न 3बजे तक) -अभयर्थिता से नाम वापस लेने की तारीख 27/04/2022एवं28/04/2 0 2 2 (समय पूर्वाह्न 11बजे से अपराह्न 3बजे तक) -निर्वाचन प्रतीक (चुनाव चिन्ह) आवंटन की तारीख 2 9 / 0 4 / 2 0 2 2 (समय पूर्वाह्न 11बजे से कार्य पुर्ण होने तक) -मतदान(वोटिंग) की तारीख 14/05/2022(समय पूर्वाह्न 7बाजे से अपरा 3बजे तक) मतगणना की तारीख17/05/2022(समय प्रातः 8बजे से कार्य पुर्ण होने तक, स्थानकृषि बाजार समिति) प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार 16/04/2022को केवल नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई किसी ने भी नामांकन दाखिल नही किया।

## श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ को लेकर किया ध्वजारोहण

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




आज रविवार को प्रातः गिरिडीह सदर प्रखंड के परसाटांड़ गांव में आगामी दो मई से शुभारंभ होने वाली श्री श्री 108रुद्र महायज्ञ के निमित धर्म ध्वज यज्ञ क्षैत्र में स्थापित किया गया। ध्वज स्थापित करने के साथ साथ यज्ञ समिति परसाटांड़ ने सभी ग्रामीणों से मांसाहारी भोजन और शराब सेवन बंद करने और कराने में सहयोग की अपील की। यज्ञ समिति द्वारा जानकारी दी गई की यज्ञ के दौरान शिव पार्वती, मां मनशा, विश्वकर्मा भगवान, राधा कृष्ण, मां तारा, शनिदेव एवं हनुमान मंदिर में स्थापित मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा स्थापित किए जायेंगे। आगामी दो मई को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, पूरे नगर भ्रमण के बाद यज्ञ स्थल पर कलश स्थापना कर कलश यात्रा की समापन होगी साथ ही संध्या से प्रवचन, रासलीला और प्रशाद वितरण कार्यक्रम को लगातार आठ मई को भव्य भंडारा के साथ समापन हा. ेगी। रुद्र महायज्ञ को यज्ञाचार्य नरोतम दास द्वारा संपन्न किया जाना है। कथावाचक केरूप में परसमणि जी महाराज और कथावाचिका साध्वी विजयालक्ष्मी जी उपस्थित रहेगी। आज के इस कार्यक्रम में यज्ञ समिती के साथ साथ ग्रामीण भी उप. स्थित थे।

## मूर्तिकार का भतीजा बना कृषि वैज्ञानिक

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**मुनताज अंसारी**



गिरिडीह के तुलाडीह (डुमरुवा) तुलासीटांड भरकट्टा निवासी विवेक कुमार पिता नारायण पंडित जो बनारस जल निगम में अनुसेवक के पद पर कार्यरत है।उनके चाचा(सुखदेव पंडित) एक मूर्तिकार है । इन्होंने अपने क्षेत्र,गांव तथा माता- पिता का नाम कृषि वैज्ञानिक बनकर रोशन किया है। एक मध्यमवर्ग परिवार में जन्मे विवेक कुमार ने अपने अथक प्रयास से इस मुकाम को हासिल किया है, इसका श्रेय वे अपने माता- पिता, चाचा - चाची ,भाई,छोटे दादा थाम्भी पंडित तथा गुरुजनों को दिए। प्रारंभिक शिक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय तूलाडीह से करने के बाद ये बनारस अपने पिताजी के पास चले गए वहां से उन्होंने मैट्रिक की पढ़ाई बाल विद्या मंदिर बनारस व इंटर की पढ़ाई सनातन धर्म इंटर क०लेज बनारस और स्नातक की पढ़ाई बीएचयू बनारस से पूरा किया। उसके बाद कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा क०लेज नई दिल्ली से वर्ष 2018 में पूरी की। इसके बाद इसका चयन बैंक ऑफ बड़ौदा में मैनेजर के पद पर जून 2018 में हुआ। मैनेजर के पद पर रहते हुए 14 मार्च 2022 को भारतीय कृषि विज्ञान अनुसंधान व विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के पद इनका चयन हुआ।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी :–धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

## दो किलोमीटर पैदल चले श्रद्धालु

**अपेम लाइव : ब्यूरो चीफ गिरिडीह**





बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत खरखरी पंचायत के मरगोडा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शत चंडी महायज्ञ एवम देवी दुर्गा तथा हनुमत अचल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ। जो सोमवार 18 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक प्रतिदिन सन्ध्या में प्रवचन सुनाई जाएगी तथा 26 अप्रैल को भंडारा कार्यक्रम के साथ यज्ञ विश्राम किया जाएगा। कलश यात्रा दुर्गा मण्डप से निकलकर पूरे गाँव भ्रमण करते हुए। ईरगा नदी जलाशय की ओर पहुँची,कलश यात्रा में कुल 511 कलश यात्रियों ने भाग लिया। भगवा ध्वज तथा ध्वनि यन्त्र से भक्तिमय किया गया है। कलश के दौरान भक्तों ने खूब नाचे-गाये व झूमे तथा अनेकों भक्ति जयकारे लगाए गए। साथ ही कलश यात्रा दो में किलोमीटर की दूरी नन्गो पाँव सभी लोगों ने तय किया। इस यज्ञ में तीन जोड़े पुजारियों ने भाग लिया डॉ रविन्द्र राय व धर्मपत्नी,अनिल पण्डित व धर्मपत्नी तथा विशुनदेव साव व धर्मपत्नी तथा यज्ञाचार्य पण्डित श्री नरेन्द्र द्विवेदी के द्वारा ध्वनि यन्त्र के साथ मंत्रोचारण व विधिवत पूजा कर सभी कलश को जल से भरा गया साथ ही कलश यात्रा के ततपश्चात सरबत,तथा गुड़बादाम, सेव, अंगूर ,सन्तरा का प्रसाद वितरण किया गया। इस यज्ञ में तथा ब्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यज्ञ समिति की ओर से अन्य दलों का निर्माण किया गया है। जैसे प्रसाद वितरण,सुरक्षा दल,सफाई दल,विद्युत ब्यवस्था,जल ब्यवस्था तथा स्वागत आदि दलों का निर्माण किया गया है। तथा विशेष देख-रेख खरखरी पंचायत के मुखिया प्रति. निधि अभय कुमार राय के द्वारा किया गया है तथा कथा वाचक श्री श्री 1008 स्वामी सीताराम शरण जी महाराज चित्रकूट धाम,सन्त प्रदीप जी महाराज देवघर तथा ज्योति शास्त्री जी झांसी के द्वारा किया जाएगा कलश यात्रा में हरिश्चंद्र पण्डित,टहल साव,कालेश्वर पण्डित,शुकर पण्डित(उप मुखिया)देवेन्द्र साव,सन्तोष साव,ललन कुमार,सिकन्दर राय,पवन कुमार आदि हज़ारों महिला-पुरुष ने भाग लिया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की बजी डुगडुगी नामांकन प्रक्रिया शुरू

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




पूरे झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की डुगडुगी बजने के पश्चात नामांकन प्रक्रिया शुरू हों चुकी है। कुल चार चरणों में चुनाव होने हैं। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रफ्तार आ गई है। अभ्यर्थी प्रपत्र खरीद रहे हैं और उन्हें दाखिल करने की तैयारी में जुट गए हैं। खूंटी, कोडरमा और जामताड़ा को छोड़कर 21जिलों के 72प्रखंडों की 1127ग्राम पंचायतों में पहले चरण की डुगडुगी बज चुकी है। चुनाव आयोग द्वारा घोषित पहले चरण के लिए चुनाव प्रक्रिया इस प्रकार संपन्न होने हैरू-नामांकन 16से 23अप्रैल, नामांकन की जांच 25और 26अप्रैल, नाम वापसी 27और 28अप्रैल, चुनाव चिन्ह आवंटन 29अप्रैल, मतदान 14मई और मतगणना 17मई। गिरिडीह अनुमंडल के तीन प्रखंडों में प्रथम चरण में मतदान होना है। गिरिडीह अनुमंडल में मतदान केंद्रों की संख्या पर एक नज़र प्रखंड का नाम मतदान केंद्रों की संख्या गिरिडीह 385गांडेय 352 बेंगाबाद 306 मतदान भवन की संख्या 268 215 200 14/02/2022को अन्तिम रूप से मतदाता सूची प्रक. ाशित कर त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2022हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार की गई है जिसके अनुसार गिरिडीह सदर अनुमंडल में मतदाताओं की कुल संख्या निम्नवत है प्रखंड पुरूष महिला अन्य। कुल गिरिडीह68582 61380 03 129967 गांडेय 64309 57934 04 122247 बेंगाबाद 55034 50411 00 105445 गिरिडीह अनुमंडल में तीन प्रखंड (गिरिडीह, गांडेय और बेंगाबाद) है, ग्राम पंचायत की संख्या 81है, ग्राम पंचायत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 1043 है, ग्राम पंचायत के मुखिया के निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 81है और पंचायत समिति के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 105है। प्रखंड का नाम गिरिडीह गांडेय बेंगाबाद ग्राम पंचायतों की संख्य 26 25ग्राम पंचायत के प्रादे. शिक निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 385 352 206 ग्राम पंचायत के मुखिया के निर्वाचन क्षेत्रों की संख्य 30 26 25 पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्रों की संख्य 39 35 31

## बिरनी :–केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद पहुची बिरनी

**अपेम लाइव : ब्यूरो चीफ गिरिडीह**



कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह जिला मुख्यालय जाने के क्रम में बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत जरिडीह दुर्गा मंडप प्रांगण में स्थानीय लोगों से रुबरु हुई जहाँ जरिडीह के स्थानीय लोगों ने आदरणीय सांसद महोदया से जरिडीह से झारखण्ड धाम रोड़ को जल्द बनवाने की मांग किए जिस पर सांसद महोदया ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जल्द ही उक्त सड़क का निर्माण जनहित के लिए कराया जाएगा, वहीं चोंगाखार पंचायत के ग्राम विजयडीह में पोषण सखी बहनों ने सांसद महोदया को ज्ञापन सौंपा, इसके बाद विगत दि. सम्बर माह में पत्रकार सुनील वर्मा पर गोली मारकर जानलेवा हमला हुआ जिनसे आज उनके प्रतिष्ठान में सांसद महोदया मिलीं और पुरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी सुनील वर्मा से लेने के पश्चात् उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस अधीक्षक से बात कर इस मामले में दोषी अपरा. धियों को बख्शा नहीं जाएगा . मौके पर बिरनी प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव, खाद्य आपूर्ति विभाग के सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद कुशवाहा, विद्युत विभाग सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व बिरनी मंडल अध्यक्ष मनोज चंद्रवंशी, पेयजल विभाग सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा बिरनी मिडिया प्रभारी सुरज कुमार मोदी, जरिडीह पंचायत के पूर्व मुखिया टिकैत राजामनी सिंह, अनुसुचीत जन जाती मोर्चा भरकट्टा मंडल अध्यक्ष आजाद तुरी, किसान मोर्चा बिरनी मंडल अध्यक्ष कार्तिक यादव, चोंगाखार पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राम लखन यादव, पूर्व मुखिया राम लखन वर्मा, भाजपा नेता दिनेश यादव, पवन वर्मा, डॉ पंकज बर्णवाल, रा. जेन्द्र वर्मा, पोषण सखी रुबी देवी, सुशीला यादव, रीता देवी,प्रमीला कुमारी, विणा वर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रति. निधि एवं पोषण सखी बहनें जगह जगह उपस्थित थीं.

## बड़ा बाजार यूथ विंग के प्रयास से 9 वर्षीय बच्चे को मिला रक्त, रोजा खोल रक्तदाता पहुंचे ब्लड बैंक किया रक्तदान

## मोहम्मद ताजुद्दीन के जज्बे को सलाम :– चंद्र प्रकाश जैन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खण्डेलवाल**



हजारीबाग शहर के बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है वही शनिवार की देर शाम हजारीबाग इचाक निवासी प्रमोद राम के सुपुत्र सुजल कुमार 9 वर्षीय एनीमिया से पीड़ित है। एच.एम सी. एच में इलाजरत के दौरान उनके शरीर में रक्त की कमी होने पर चिकित्सकों के द्वारा यथाशीघ्र रक्त उपलब्ध कराने को लेकर उनके परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद आनन-फानन में उनके परिजनों ने ब्लड बैंक मे संबंधित रक्त ना मिलने पर बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों से मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल एवं उपाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल ने संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए। जिसके बाद हजारीबाग के पगमिल निवासी मोहम्मद ताजुद्दीन से रक्तदान करने का आग्रह किया गया जिसके पश्चात उन्होंने अपना रोजा खोल कर तुरंत एच.एम.सी.एच स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर मानवता का परिचय देते हुए 9 वर्षीय बच्चे की जान बचाई। रक्तदान करने के क्रम में भाई शाहिद असलम,रितेश खण्डेलवाल, अंशु सिंह उपस्थित होकर इनका हौसला अफजाई किया..मौके पर महासचिव चंद्र प्रकाश जैन ने रक्तदाता मोहम्मद ताजुद्दीन के जज्बे को सलाम करते हुए कहा की रमजान माह में रोजा खोल कर इन्होंने 9 वर्षीय बच्चे की जान बचाई है इसके लिए बड़ा बाजार यूथ विंग आपका हृदय से आभार प्रकट करता है साथ ही कहा कि हर लोगों को इनके जैसा बनना चाहिए। ताकि हर कोई किसी की मदद के लिए आगे आ सके। मौके पर अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि आप का दिया हुआ रक्त किसी जरूरतमंद की बचा सकता है जान।

## बड़कागांव की जनता ट्राफिक से परेशान इस समस्या का कौन करेगा निदान

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड आए दिन आम जनता ट्राफिक समस्या से होते हैं परेशान इस समस्या का कौन है जिम्मेदार। जिला प्रशासन स्थानीय थाना एनटीपीसी त्रिवेणी सैनिक स्थानीय दुक. ानदार ट्राफिक समस्या से कब मिलेगा बड़कागांव जनता को निजात आए दिन ट्रैफिक की समस्या को लेकर कितने बार जिला प्रशासन अखबारों के माध्यम से इलेक्ट्रिक चौनल के माध्यम से युवा समा. जसेवी शाहिद उर्फ सोनू मांग करता रहा बड़कागांव प्रखंड में ट्रैफिक पुलिस को मुहैया कराया जाए ताकि यहां की जनता को ट्राफिक समस्या से निजात मिल सके आए दिन बड़कागांव मुक्त चौक में तीन रास्ता निकलती है जिसमें एक रास्ता हजारीबाग की ओर दूसरा रास्ता टंडवा की ओर तीसरा रास्ता बादाम की ओर यह तीनों रास्ता में ट्राफिक समस्या से जाम होने से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। स्थानीय जनता को साथ अगर जाम में एंबुलेंस आ जाए एंबुलेंस को भी निकलने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है इन सब ट्राफिक समस्या को लेकर युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ने राज्यपाल मुख्य सचिव उपायुक्त मांग पत्र सौपते हुए जल्द से जल्द बाईपास रोड बनाया जाए बाईपास रोड बन जाने से यहां ट्राफिक समस्या से निजात मिल सकती है सांची में थ्रिवेणी सैनिक के एक बार में 5 बस आ जाने से पूरी तरह से रोड जाम हो जाती है जाम हो जाने के बाद दुकान के बाहर में जो मोटरसाइकिल लगे रहते हैं यह सभी जगह पर साथी ट्राफीक के समस्या पानी को मिलता है। मैं मांग करता हूं जिला प्रशासन से बड़कागांव माइंड चौक में जल्द से जल्द प्रार्थी को समस्या से निजात मिल जाए यहां ट्रैफिक को देखकर हम सभी स्थानीय जनता बहुत ही परेशानी कोहम सभी स्थानीय जनता बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है और त्रिवेणी सैनिक के द्वारा जो बस यह बस का रास्ता चेंज कर दिया जाए अगर यह चेंज हो जाने से एवं साथ में दुकानदार के सूचित किया जाए अपने अपने दुकान के बाहर में मोटरसाइकिल कहीं पर एक जगह पार्किंग में खड़ा करके आए अगर यह सब समस्या को लेकर ट्रैफिक पुलिस अगर काम करती है बड़कागांव जाम से निजात मिल सकता है।



दिनांकः 17-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## जय हनुमान ज्ञान गुण सागर भजन गाकर सक्सेस गुरु ने की भक्ति जागरण की शुरुआत

### विधायक अम्बा ने कहा भक्ति में असीम शक्ति है जो लंगातु के भक्तो में दिखा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





बड़कागांव (हजारीबाग)– श्री श्री 1008 श्री हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ के समापन के अवसर पर प्रखंड के लंगातू ग्राम में भंडारे के उपरांत भव्य जागरण का आयोजन किया गया । जिसकी शुरुआत चाणक्या आईएस एकेडमी के एम डी अरुण कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित करने के साथ जय हनुमान ज्ञान गुण सागर की भजन की प्रस्तुति करके किया गया। भजन का सुर ,ताल , व लय इतना सुंदर था कि लोग झूमने को मजबूर हो गये और भक्त जनों के निवेदन पर जय रघुनंदन, जय सियाराम तथा पार्श्व गायक किशोर कुमार की आवाज में गीत प्रस्तुति की। जागरण शुभारंभ से पूर्व नवनिर्मित हनुमान मंदिर में सक्सेस गुरु अरुण कुमार मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना कर अखंड ज्योति को लेकर मंच तक लाया गया। इसबीच उपस्थित सभी अतिथियों एवं महायज्ञ समिति के पदाधिकारी व सदस्यों को माला पहनाकर व लाल गमछा देकर ए के मिश्रा ने स्वागत किया । वही विख्यात पार्श्व गायक विक्की छाबड़ा एवं उनके भाई सुजीत छावड़ा के द्वारा भक्ति गीतों का ऐसा समा बांधा गया कि रात भर लोग झूमते रहे । समय–समय पर जनप्रतिनिधियों का काफिला पहुंचता रहा और गीतों के ताल पर झूमते रहे। जिसमें बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, समाजसेवी किशोरी राणा, रामकिशोर सावंत, खपीरयावा मुखिया मंजू मिश्रा, जीप सदस्य तुकेश्वर प्रसाद , भाजपा नेता सह अधिवक्ता सुमन कुमार पपू , भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्यअनिल मिश्रा चाणक्य आईएएस एकेडमी जीएम रीमा मिश्रा, उपाध्यक्ष विनय मिश्रा सहित उपस्थित सभी भक्तजन जिसमें बच्चे बूढ़े शामिल हैं जमकर गीतों के साथ झूमते हुए देखे गए। वहीं सक्सेस गुरु अरुण कुमार मिश्रा अपने गांव का भ्रमण किया और पुरानी यादों को ताजा किया वही सभी बच्चे बड़े बुजुर्गों से मुलाकात कर पुरानी बातों को दोहराया और वही पुराना कुआं जहां वह बचपन में स्नान किया करते थे तथा वह कटहल का पेड़ जिसके नीचे बैठ पढ़ने का काम किया करते थे इन सभी के बारे में जानकारी हासिल की तत्पश्चात ए के मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि गांव के साथ लोगों को जुड़कर रहना चाहिए क्योंकि गांव ही लोगों को सही और सच्ची बातों से अवगत कराता है। गांव में दिखावा नहीं होता। यहां के लोग अपनी जिंदगी वास्तविकता के साथ जीते हैं यही हमारी भारत की संस्कृति है । सक्सेस गुरु ने यह भी कहा कि हमारा यह संकल्प है की लंगातु समेत बड़कागांव के बच्चों को अपने एकेडमी के माध्यम से सही राह दिखा कर देश के उच्च पदों पर भेजना ताकि बडकागांव के साथ–साथ पूरे देश का नाम रोशन हो सके। विधायक अंबा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों को भगवान का नाम सच्चे मन से लेना चाहिए दिखावापन किसी भी सूरत में अच्छा नहीं है। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ,जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद ,भाजपा जिला अध्यक्ष,अशोक यादव, दामोदर सिंह, राजेश गुप्ता,कांग्रेस के प्रखंड अध्यछ बिशेश्वर नाथ चौबे, जयनारायण प्रसाद, नंदलाल मेहता, प्राचार्य रामसेवक ,जयनारायण प्रसाद किशोरी राणा, उमेश पांडेय, धर्मनाथ महतो, सुभाष कुमार ,दिनेश कुमार यज्ञ समिति के, अध्यक्ष कृष्णा ओझा, उपाध्याय संजीत मिश्रा, सचिव राम किशोर राम, उपसचिव सदानंद तिवारी, कोषाध्यक्ष शंकर ओझा, उप कोषाध्यक्ष विकास ठाकुर, बुधन तुरी,संरक्षक लखेश्वर मिश्रा, जगदीश मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, महामंत्री नवीन मिश्रा, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, मनोरंजन मंत्री पंकज मिश्रा, राकेश मिश्रा सुभाष ओझा, संतोष पांडे, बुधन तुरी, योगेंद्र मिश्रा, शिवकुमार ओझा, अर्जुन तिवारी, कंचन मिश्रा, विरेंद्र ओझा, सुजीत मिश्रा, कौशल मिश्रा, बैजनाथ भुइंया, राजेश भुइयाँ, दीपक मिश्रा, विक्की ओझा, शिव शंकर ठाकुर, निरंजन ओझा,नरेश ओझा, बसंत ठाकुर,तिलकधारी ठाकुर, विष्णु तिवारी, सुजीत मिश्रा, अशोक भुइयाँ,झलकु भुइयाँ, शीतल भुइयाँ,फुलेश्वर भुइयाँ, विजय भुइयाँ,सुनील ठाकुर,रोहित ओझा, देवनाथ तुरी,देवनारायण तुरी,आलोक राम,अरविंद मिश्रा, प्रह्लाद मिश्रा,संजय दुबे,राजेन्द्र मिश्रा, देवदत्त मिश्रा, राजेश मिश्रा,पवन मिश्रा,राहुल मिश्रा, राजेश राम, बिपिन भुइयाँ, सुबोध भुइयाँ, गणेश भुइयाँ, मनोज भुइयाँ, मुनेश भुइयाँ,अंशु भुइयाँ, मंतोष मिश्रा, नंदकिशोर मिश्रा, अमित तिवारी समेत सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे ।

## कोलेश्वर साव ने हॉस्पिटल में इलाजरत सरोज महतो से मुलाकात की आर्थिक सहयोग किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार.**




इलाजरत सरोज से मुलाकात करते कोलेश्वर साव

बड़कागांव। चौती दुर्गा पूजा के लिए बेलपत्र तोड़ने के दौरान पेड़ से गिर जाने के कारण बड़कागांव निवासी अत्यंत निर्धन सरोज महतो गंभीर रूप से घायल हो गया था । पैर टूट गया तथा सिर पर गंभीर चोट आई थी। जिससे पिछले कई दिनों से रांची मां प्यारी अस्पताल में इलाजरत है। जिससे इलाज में अब तक लाख रुपये से ज्यादा खर्च में हो गए। इलाज अभी इलाज जारी है। सरोज महतो आर्थिक रूप से कमजोर है। जिससे इलाज में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना कि जानकारी मिलने के बाद बड़कागांव कौलेश्वर साव ने अस्पताल जाकर मिला तथा हाल चाल प्राप्त किया। तथा इलाज के लिए आर्थिक सहयोग किया। वहीं श्री साव ने लोगों से कहा कि सरोज महतो की इलाज में लोगों को सहयोग के लिए आगे आने कि आवश्यकता है। सहयोग राशि दीपक कुमार 6202512158 फ़ोन पे नं. पर सहयोग करें।

## परफेक्ट अकादमी कोचिंग संस्थान में गरीब मेधावी विधार्थियो को सरकारी नौकरी की मिल रही है निशुल्क शिक्षा

### शिक्षा का दान ही महादान होता है – एके भारद्वाज

**अपेम लाइवः ओरिया**




शहर के आनंदा चौक के मान्यवर वस्त्रालय के ऊपरी तल्ला में अवस्थित परफेक्ट अकादमी कोचिंग संस्थान में युपएससी क्वालिफाइड रणविजय सिंह एवं जेपीएससी क्वालिफाइड पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में गरीब एवं मेधावी छात्रों को सरकारी नौकरी की तैयारी निशुल्क करवाया जा रहा है। गौरतलब है कि संस्थान के संचालक एके भारद्वाज के विशेष अनुरोध पर रणविजय सिंह एवं पंकज तिवारी अपना व्यस्त दिनचर्या के बावजूद अपना यहाँ बहुमूल्य समय निकालकर उन गरीब बच्चों को अपना मार्ग दर्शन में निशुल्क शिक्षा देने का कार्य कर रहें हैं। संचालक एके भारद्वाज का कहना है कि मेरे सपने को साकार करने के लिए दोनों दोस्त दिल से लगे हैं रणविजय सिंह एवं पंकज तिवारी का बहुत–बहुत आभार। शिक्षा का दान ही महादान होता है। जिस प्रकार भीमराव अंबेडकर ने अपने संपूर्ण जीवन का त्याग कर भारत के लोगों को शिक्षित करने में लगा दिया। उसी प्रकार हर पढ़े–लिखे और सक्षम व्यक्ति को अपने आसपास के कमजोर एवं असहाय लोगों को शिक्षित करना चाहिए। ताकि वे जीवन में अपने पैरों पर खड़े हो सके। उन्होंने हजारीबाग एवं आसपास के सभी गरीब छात्रों तथा उनके अभिभावकों से अनुरोध किया है। कि यदि वे पैसे के अभाव में सरकारी नौकरी की तैयारी अपने बच्चों का नहीं करवा पा रहे हैं। तो अवश्य हमारे संस्थान में भेजें हम उन्हें सरकारी नौकरी की तैयारी निशुल्क करवाएंगे।

## बड़कागांव में पंचायत चुनाव को लेकर गांवों में बढ़ी संभावित उम्मीदवारों की सक्रियता

### गांवों में बढ़ने लगी चुनावी सरगर्मी, बनने लगे समीकरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




पंचायत चुनाव को लेकर प्रखंड में सरगर्मी तेज हो गई है। स्थानीय प्रखंड में पंचायत का चुनाव चौथे चरण में होगा। जबकि पंचायतों में चुनाव को लेकर भावी प्रत्याशी अपनी कमर कस ली है। इसबार पंचायतों में होनेवाले चुनाव अधिक रोचक होने की उम्मीद लगायी जा रही है। प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्रों में खासकर पंचायत चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है, खासतौर से प्रबुद्ध लोगों में। जबकि इस बार के पंचायत चुनाव में अपनी भाग्य आजमा रहे प्रत्याशी भी अपनी प्रचार में लग चुके हैं। जिला परिषद , मुखिया सहित अन्य पदों के लिए भावी प्रत्याशियों की चहलकदमी गांव की गलियों में तेज हो गई है। शाम होते ही लोगों के बीच भावी प्रत्याशी नजर आने लगे हैं। जबकि गांव में दिनभर चौक – चौराहों या चाय – पान की दुकानों पर लोग अभी से ही पंचायत चुनाव की बातें करते नजर आ रहे हैं। कि किस पंचायत में क्या होने वाला है। या फिर कौन सा उम्मीदवार किस पर भारी पड़ रहा है।कोई पुराने की गुणगान, तो भावी उम्मीदवार की मेहनत की बखान करते नजर आ रहा। वहीं मतदाता भी इस बार उम्मीदवारों की परख करने में लगी है। जिससे साफ जाहिर होता है कि जैसे जैसे नामांकन व मतदान की तिथि नजदीक आती जायेगी। पंचायतों में चुनाव की सरगर्मी और अधिक बढ़ती ही जायेगी। ऐसे में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का समय करीब आते ही संभावित उम्मीदवारों की गांव में सक्रियता बढने़ लगी है। कई बार अपनी किस्मत आजमा चुके उम्मीदवार भी चुनावी रण में उतरने के लिए बेचौन दिखाई दे रहे हैं। वहीं कई नए चेहरे भी अपनी उम्मीदवारी को लेकर सामने आए हैं। यही वजह है कि गांव में किसी न किसी बहाने से संभावित उम्मीदवारों ने आना जाना शुरू कर दिया है। यद्यपि यह कार्य पिछले कई महीनों से चल रहा है। कई संभावित प्रत्याशी जीत के जुगाड़ में लग गए हैं। वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए कई प्रत्याशी पूरे तौर पर सक्रिय हैं। सबसे अधिक यदि देखा जाए तो गहमा गहमी मुखिया और जिला परिषद सदस्य पद के लिए है। वहीं अभी चुनाव की पूरी गतिविधि शुरू नहीं हुई, फिर भी त्योहारों में शुभकामना के माध्यम से गांवों में बैनर पोस्टर घरों की दीवारों में टांगना शुरू हो गया है। संभावित उम्मीदवार अपना पोस्टर टांग कर अपना प्रचार शुरू कर दिए हैं। वहीं ग्रामीणों के बीच भी उम्मीदवारों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हर गांव में सुबह शाम चुनावी चर्चा को लेकर ग्रामीणों की गोष्ठी भी खुब लग रही है। पंचायत चुनाव को लेकर लोगों में काफी रुचि जिसमें ग्रामीण उम्मीदवारों के बीच तुलना भी कर रहे हैं। बता दें कि बड़कागांव प्रखंड में पंचायत चुनाव को लेकर लोगों में काफी रुचि रहती है। यहां नामांकन से पूर्व ही चुनाव प्रचार शुरू हो जाता है। हालांकि इस बार चौथे एवं अंतिम चरण में चुनाव होनी है। इसके चलते उम्मीदवारों को अभी कुछ समय मिल गया है। लेकिन जैसे–जैसे और समय नजदीक आएगा गांवों में उम्मीदवारों के साथ उनके समर्थकों की सक्रियता बढ़ती जाएगी।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## पति की विरासत को आगे बढ़ाने, चुनावी मैदान में उतरेगी देवंती देवी, 22 को नामांकन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पंचायत चुनाव के पहले चरण का नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गया है। आरक्षण के कारण कई पंचायतो का स्वारूप बदल गया है। कई पंचायतों के वर्तमान मुखिया अपनी पत्नियों के सहारे नैया पार लगाने में जुटे है। गोविंदपुर पंचायत से वर्तमान मुखिया दिनेश यादव के राजनीतिक वि. रासत को आगे बढ़ाने के लिए चुनावी मैदान में उनकी धर्मपत्नी उतरने को तैयार है। देवन्ती देवी अपने पति के अधूरे कार्यो को पूरा करने के उद्देश्य से चुनावी तैयारी में जुट गई है। देवन्ती देवी आगामी 22 अप्रैल को अपना नामांकन कर चुनावी अभियान की शुरुवात करेगी। इस संदर्भ में मुखिया दिनेश यादव ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वाश है की देवन्ती देवी पर जनता विश्वाश जताएगी और बहुमत देकर मुखिया बनाने का कार्य करेगी। मुखिया उम्मीदवार देवन्ती देवी ने कहा कि जनता के विश्वाश पर खरा उतरने का कार्य करूँगी। कहा पति के अधूरे कार्यो को पूरा करूँगा। जनता का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है।

## शरारती तत्वों ने बारात के दौरान मस्जिद पर फेंके पटाखे, पुलिस ने तीन लोगों को भेजा जेल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**





गावां थाना क्षेत्र के मालडा बाजार में स्थित जामा मस्जिद पर शरारती तत्वों के द्वारा बारात के दौरान पटाखे फेंकने के आरोप में रविवार को गावां थाना पुलिस ने तीन लोगों को जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात गाजे बाजे के साथ एक बारात मालडा बाजार से होकर गुजर रही थी तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने जामा मस्जिद को निशाना बनाते हुए उसके गुम्बद पर पटाखे फेंक दिए। जिसके बाद परिषर में मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। बताया जाता है कि पूरी घटना को सीसीटीवी कैमरे में कैद कर लिया गया है। घटना के बाद माहौल को बिगड़ते देख गावां थाना को सूचना दी गयी। सूचना पाकर गावां थाना पुलिस तत्परता दिखाते हुए घटना स्थल पर पहुंची और त्वरित कार्यवाई करते हुए चार लोगों को हिरासत में ले लिया और बारात में प्रयोग किये जा रहे डीजे और गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया। रविवार की सुबह दोनों पक्षों के बुद्धिजीवियों को थाना में बुलाकर मामला सुलझाने का प्रयास किया गया लेकिन अंततः डीजे संच. ालक समेत आरोपी तीन युवकों को जेल भेज दिया गया।

# अगलगी में हजारों का नुकशान

## घर मे रखे सारा समाज जला,बेघर हुए परिवार

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**







राजपुर थाना क्षेत्र के जमरी बक्सपुरा पंचायत के डोंडागढ़ा गांव में उस समय अचानक अफरा-तफरी मच गई जब गांव के ही एक गरीब व्यक्ति महेंद्र भुइयाँ नामक ब्यक्ति के घर में आग लग गई। मामला रविवार की लगभग ढाई 3रू00 बजे की है। महेंद्र ने बताया कि मैं घर पर ही था तभी अचानक खपरैल घर के उत्तरी हिस्से में अचानक आग लग गई । आग लगने से खपरैल घर पूरा जलकर राख हो गया। एवं उस घर में रखे हमारे परिवार को पहनने वाले कपड़े खटिया बिस्तर 3 क्विंटल अनाज एटीएम कुछ नगद राशि सहित हजारों रुपए के सामान जलकर राख हो गया। घर में आग लगने से उस परिवार के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सूचना मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया। श्री पासवान ने बताया कि सनहा दर्ज कर लिया गया है। एवं आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है तथा आग लगने की जानकारी ली जा रही है इधर भुक्तभोगी महेंद्र भुइयाँ ने अंचल अधिकारी का ना चिट्ठी से मुआवजे की मांग की है।

## श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित्र मानस महायज्ञ का हुआ आयोजन।

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के श्री रामपुर में श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित्र मानस महायज्ञ का अनुष्ठान माँ लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में करवा गया ।जिसमें 1008 कन्या के द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई।।लगभग आस पास के सभी ग्रामीण यह पूजा अर्चना करने आते है।और यज्ञ स्थली की परिक्रमा भी करते है ।पूरा गादी में भक्तिमय माहौल बना है रोज भजन कीर्तन ,पूजा,सांध्य आरती होती है।।साथ ही साथ शाम को अयोध्या से आये दीदी मंदाकिनी का वचन भी सुनते है।जो पूरा भक्तो को मन मोह लिया जाता है।सभी महिलाएं घर का सब काम करने के बाद प्रवचन सुनने जरूर आते है।

## कल नामांकन भरेंगे कई उम्मीदवार, जीत के प्रति है आश्वस्त

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पहले चरण का चुनावी बिगुल बज चुका है। संभावित उम्मीदवार अपना अपना नामांकन पत्र भरने के लिए तैयारी पूरी कर लिया है। कल चौपारण प्रखण्ड के कई उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र भरकर अपने चुनावी अभियान की शुरुवात करेंगे। बच्छई पंचायत वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र रजक, प्रमुख प्रतिद्वंदी रामलखन राणा कल नामांकन पत्र भरकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। सिंघरावां पंचायत से बद्री साव व बैजनाथ यादव व प्रभुनारायण सिंह नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी अभियान की शुरुवात करेंगे। जिला परिषद भाग दो से मो रिजवान अंसारी अपने समर्थकों संग नामांकन पत्र भरेंगे। पाण्डेयबारा पंचायत से प्रबल मुखिया उम्मीदवार सुनीता देवी भी नामांकन पत्र दाखिल कर अपने चुनावी समर की शुरुवात करेंगी। जिला परिषद भाग तीन से तीसरी बार नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी अभियान कि शुरुवात करेगी। पडरिया पंचायत के वर्तमान मुखिया पप्पू रजक अपने दूसरी पारी की शुरुवात करने के लिए नामांकन करने जा रहे है। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता हेलाल अख्तर भी चुनावी समर में कूदने को तैयार है। चौयकला पंचायत से अपनी पत्नी नजराना खातून को चुनावी मैदान में उतार कर अभियान की शुरुवात करेंगे। बेलाही पंचायत के वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह अपने माता जी के कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए कमर कस लिए है, आज नामांकन पत्र भरकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे।

## प्रेस क्लब की बैठक में लिए गए कई निर्णय

### एक मई को रांची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे जिले के पत्रकार

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



प्रेस क्लब की बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष

प्रेस क्लब कोडरमा की मासिक बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित वन विभाग के विश्राम गृह में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार एवं संचालन महासचिव गौतम राणा ने किया। बैठक में गत वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा महासचिव गौतम राणा ने पेश किया। जिसे सव. सम्मति से पारित किया गया। बैठक में झारखंड यूनियन अ०फ जर्नलिस्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर क्लब के संरक्षक विनोद विश्वकर्मा एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चुने जाने पर संरक्षक जगदीश लाल सलूजा और जिला पदाधिकारी मुन्ना सिंह को बुके देकर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान क्लब की वार्षिक सदस्यता शुल्क 10 दिनों के भीतर जमा करने का निर्णय लिया गया। सदस्यों के द्वारा समय पर सदस्यता शुल्क जमा नहीं करने पर क्लब के द्वारा मिलने वाले कल्याणकारी योजनाओं के लाभ देने पर विचार किया जाएगा। जयनगर प्रखंड में रंजीत भारती के पास क्लब का बकाया राशि संग्रह करने के लिए एक 5 सदस्यीय टीम का गठन किया। राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सतीश कुमार, विनोद कुमार विश्वकर्मा, भोला शंकर सिंह, उमाशंकर, नुनेश्वर प्रसाद यादव, एवं धीरज कुमार को रखा गया है। वही अखबार या चौनल में काम छोड़ चुके लोगों की सूची एवं क्लब की सदस्यता लेने के लिए आवेदन सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड सचिव के द्वारा जिला कमेटी को समर्पित किया जाएगा। जिस पर सर्वसम्मति से चर्चा के उपरांत ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। 1 मई को रांची में आयोजित झारखंड यूनियन ऑफ जर्न. लिस्ट के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में कोडरमा के सभी प्रखंडों से पत्रकारों के शामिल होने पर भी चर्चा की गई। अंत में कोरोना काल में जान गवाने वाले पत्रकारों के प्रति शोक व्यक्त किया गया। क्लब के संरक्षक जगदीश लाल सलूजा, अनूप कुमार, संजीव समीर, विनोद कुमार विश्वकर्मा, मनोज कुमार झुन्नू, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार झा, उमाशंकर, किशोर यादव, धीरज कुमार, साहिल भदानी, कमल हसन दानिश, गजेंद्र बिहारी सिन्हा, ओमप्रकाश, महेश भारती, अरुण बर्णवाल, जितेंद्र गिरी, विजय कुमार शर्मा, भोला शंकर सिंह, कुमार अमित, कुंतलेश पांडेय, संदीप कुमार, मो. हम्मद शाहिद, संतोष राणा, रवि विश्वास, राजेश यादव, सुनील कुमार रजक, मुन्ना कुमार सिंह, राजेश सिंह, मिथिलेश मेहता, रंजीत बनर्जी, उदय चंद्र ललन, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद शब्बीर आलम समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।